Chapter- 4

अब बतलाओ

STUDY NOTES

MIND MAP



पाठ प्रवेश-

पशुओं में अनुशासन का कोई महत्व नहीं है, इसलिए ही उसका जीवन आतंकित और असुरक्षित रहता है । खतरा होने पर प्राणी को हिम्मत और साहस से काम लेना चाहिए । हमेशा डरकर जीवन बिताने से अच्छा है कि साहसी बनकर जीना । खतरा अपने साथ भय लाता है और भय अपने साथ और भी खतरा लाता है । इसलिए हमें निडर होकर जीवन बिताना चाहए |

सारांश-

'अब बतलाओ' कविता के माध्यम से यही बताने की कोशिश की गई है कि डरपोक प्राणी का जीवन आतंकित और असुरक्षित रहता है।एक बार चूहे ने बिल्ली को देखा और डरकर भागा। बिल्ली भी उसके पीछे भागने लगी। चूहे के सामने कुआँ था। उसे पता ही नहीं चला और वह कुएँ में गिर गया।वह काँपने लगा। बिल्ली उपाय सोचने लगी कि चूहे को बाहर निकालें और कुएँ के अंदर रस्सी लटका दी। चूहे ने रस्सी पकड़ी। जैसे ही चूहे ने ऊपर देखा वैसे ही बिल्ली ने कुएँ में झाँका चूहा ऊपर आएगा या कुएँ के पानी में ही मर जाएगा।